# नेपाल में फंसी भारतीय युवती की मदद



**नयी दिल्ली 10 सितम्बर ( वार्ता ). नेपाल में भारतीय दूतावास ने उग्र विरोध प्रदर्शनों के बीच फंसी भारतीय युवती उपासना गिल से संपर्क कर उसे जरूरी मदद पहुंचायी है। इस युवती ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि प्रदर्शनकारियों ने उस होटल में आग लगा दी जहां वह ठहरी हुई थी। उसने कहा था कि प्रदर्शनकारी उनके पीछे लाठी तथा डंडे लेकर दौड़ रहे हैं और उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचायी है।**

युवती ने वीडियो में भारत सरकार से मदद की गुहार लगायी थी। उसने बताया कि वह वॉलीबाल लीग से संबंधित एक आयोजन के सिलसिले में काठमांडू गयी थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उसे भारतीय दूतावास के माध्यम से मदद पहुंचाई गयी है। पोस्ट में कहा गया है , हम सूचित करना चाहते हैं कि नेपाल स्थित हमारे दूतावास ने संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया है और आवश्यक सहायता प्रदान की है। भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर: 977 980 860 2881 और 977 981 032 6134 हैं और वे इन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं।

### नेपाल में हिंसा के बीच सोनौली बॉर्डर पर हाई अलर्ट

**महराजगंज 10 सितंबर (वार्ता).** पड़ोसी देश नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव को देखते हुए भारत-नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के उप महानिरीक्षक मुन्ना सिंह ने सोनौली बॉर्डर का निरीक्षण किया और सीमा क्षेत्र की सुरक्षा का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने सीमा चौकियों पर तैनात जवानों को हमेशा सतर्क रहने और हर गतिविधि पर पैनी निगाह बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेपाल में अशांति के कारण भारत की सीमा पर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### क्या नेपाल को मिलेगा युवा पीएम

**काठमांडू/नई दिल्ली, 10 सितम्बर.** नेपाल की राजनीति में एक नया चेहरा तेजी से उभर रहा है - बालेंद्र शाह। काठमांडू के मेयर और पूर्व रैपर के तौर पर लोकप्रिय बालेंद्र आज की उम्मीदों का चेहरा बन गए हैं। लेकिन सवाल यह है कि अगर वे प्रधानमंत्री बने, तो भारत के लिए यह सौगात होगी या सिरदर्द? नेपाल में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच एक नाम पूरे परिदृश्य पर छाया हुआ है—बालेंद्र शाह। काठमांडू के मौजूदा मेयर और पूर्व रैपर बालेंद्र, नेपाल की युवा पीढ़ी के बीच असाधारण लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। अपने तेज-तर्रार भाषणों, भ्रष्टाचार विरोधी रुख और डिजिटल प्लैटफॉर्म्स पर सक्रियता के चलते उन्हें हीरो कहा जा रहा है। अब उनकी दावेदारी नेपाल के अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखी जा रही है। हालांकि बालेंद्र शाह का उदय जितना रोचक है, उतना ही भारत के लिए जटिल भी हो सकता है।

# 15 अवैध वोट और 300 ही मिले रेड्डी को

**विपक्ष की एकता को भीतर से लगा करारा झटका**

**15 सांसदों की क्रॉस वोटिंग ने खोली पोल**



**नई दिल्ली बुधवार, 10 सितंबर उपराष्ट्रपति चुनाव विपक्ष के लिए सिर्फ एक सियासी लड़ाई नहीं, बल्कि एकता की परीक्षा भी था। लेकिन नतीजे आने के कुछ ही घंटों में साफ हो गया कि विपक्ष की यह एकता कागजी थी। क्रॉस वोटिंग के ज़रिए 'गद्दारों' ने अंदर से वार कर इंडिया गठबंधन को चौंका दिया।**

अब पूरे विपक्ष में अपने ही सांसदों की तलाश शुरू हो गई है — कहीं अपने ही भरोसेमंद ट्रोजन हॉर्स तो नहीं निकले? उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत की पटकथा पहले से तय मानी जा रही थी, लेकिन असली सस्पेंस विपक्षी खेमे की वोटिंग में सामने आया। गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को उम्मीद से 15 वोट कम मिले, जिससे विपक्ष के अंदर भारी नाराज़गी और संदेह की लहर दौड़ गई है। चुनाव में कुल 781 मतदाताओं में से 767 ने वोट डाला। इनमें से 752 वोट वैध और 15 अवैध पाए गए। सुदर्शन रेड्डी को सिर्फ 300 वोट मिले, जबकि विपक्ष को कम से कम 315 से 324 वोट की उम्मीद थी। इस हिसाब से कम से कम 15 सांसदों ने या तो ह्ष्ठ को वोट दिया या जानबूझकर वोट को अवैध कर दिया। क्रॉस वोटिंग की खबर से ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन में हड़कंप मचा हुआ है।

### कई सांसदों ने गठबंधन लाइन से हटकर दिया वोट

सबसे ज्यादा शक की सुई आम आदमी पार्टी, शिवसेना और एनसीपी (शरद पवार गुट) की ओर घूम रही है। कुछ चर्चाएं राजस्थान और तमिलनाडु के सांसदों को लेकर भी हो रही हैं। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में पार्टी व्हिप लागू नहीं होता, जिससे सांसदों को अपनी अंतरात्मा के अनुसार मतदान का अधिकार होता है — यही वजह रही कि कई सांसदों ने गठबंधन लाइन से हटकर वोट दिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चुनाव के बाद दावा किया था कि विपक्ष के सभी 315 सांसदों ने वोट डाला।

# कपास और शहीदों पर केजरीवाल ने साधा निशाना

**कुलगाम सैन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए, कपास नीति पर भी लगाया आरोप**



**नई दिल्ली, 10 सितंबर अरविंद केजरीवाल ने अपनी संवेदना और कटाक्ष को एक साथ जोड़ते हुए, कुलगाम में शहीद हुए सूबेदार प्रभात गौड़ और लांस नायक नरेंद्र सिंधु को 'दिल से सलाम' भेजा — और साथ ही पूरे देश को हिला देने वाले कपास संकट पर सरकार से जवाब माँगा।**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संरक्षक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वाणी और भावनात्मक संदेश का जाल बुना, जिसमें उन्होंने देशभक्ति की गहराई और किसान-विरोधी नीतियों की चिंता दोनों को सशक्त रूप से उजागर किया। उन्होंने कुलगाम, जम्मू एवं कश्मीर में सीमा रक्षा के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले सूबेदार प्रभात गौड़ और लांस नायक नरेंद्र सिंधु को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने कहा कि उनकी शहादत और पराक्रम को देश सदैव याद रखेगा, और इस मुश्किल वक्त में पूरे देश का दिल शहीदों के परिजनों के साथ मजबूती से धड़कता है। इस भावपूर्ण वक्तव्य ने सुरक्षा मामलों में संवेदना की पुष्टि की। लेकिन, केवल देशभक्ति पर सीमित न रहते हुए, केजरीवाल ने अपनी टिप्पणी में एक और अग्रसरता दिखाई- कपास की बढ़ती कीमतों और गिरती गुणवत्ता पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री को सीधे यह सवाल दिया कि क्या किसानों की उपज और कपास उत्पादन की स्थिति पर सरकार की नीतियाँ पर्याप्त रूप से ध्यान दे रही हैं?

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान को दी जमानत

**प्रयागराज, 10 सितंबर** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चर्चित डूंगरपुर केस में कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। यह मामला रामपुर में मारपीट, धमकी और अवैध ढंग से मकान गिराने से जुड़ा था, जिसमें आजम को विशेष अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई थी। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और रामपुर से पूर्व सांसद आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने डूंगरपुर केस में आजम खान को जमानत दे दी है।

# अस्पताल में सीएम से मिलने पहुंचे राज्यपाल

**मोदी ने सेहत का हाल जानने के दिए थे निर्देश**

**मुख्यमंत्री मान की सेहत पर राज्यपाल ने जताई चिंता**



**मोहाली, 10 सितम्बर ( वार्ता ). पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने बुधवार को मोहाली स्थित फॉर्टिस अस्पताल पहुंचकर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।**

राज्यपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पंजाब दौरे के दौरान कई बार मुख्यमंत्री श्री मान की सेहत के बारे में पूछा और उन्हें निर्देश दिया कि चंडीगढ़ आने पर अस्पताल जाकर मुख्यमंत्री से अवश्य मुलाकात करें।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की समीक्षा में यह तथ्य सामने आया है कि हिमाचल प्रदेश की तुलना में पंजाब को अधिक नुकसान हुआ है। ऐसे में आने वाले दिनों में केंद्र से और अधिक राहत राशि मिलने की संभावना है। राज्यपाल ने स्वास्थ्य को लेकर मुख्यमंत्री को सलाह दी कि यदि तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं है, तो अस्पताल में एक-दो दिन और रुकें।

हालांकि सूत्रों के अनुसार आज ही मुख्यमंत्री को अस्पताल से छुट्टी मिलने की संभावना जताई जा रही है.

> राज्यपाल कटारिया आज सुबह करीब 10 बजे फॉर्टिस अस्पताल पहुंचे और श्री मान से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा तथा मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर भी चर्चा हुई। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पंजाब को फिलहाल 16000 करोड़ रुपये की राहत राशि दी गई है, जिसे केवल एक प्रारंभिक सहायता माना जाना चाहिए। संपूर्ण नुकसान का आकलन होने के बाद शत-प्रतिशत राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## एक नजर में



### मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर हिंसक प्रदर्शन

**पेरिस.** फ्रांस में बजट कटौती के विरोध, वेतन बढ़ोतरी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन किया। राष्ट्र व्यापी बंद का आह्वान वामपंथी दलों ने किया है और इसे ब्लॉक एवरीथिंग नाम दिया है। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गईं। सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। सुरक्षाकर्मियों ने अब तक 200 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि श्री मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा है।

### रूसी मालवाहक एमएस-30 ने मिशन पूरा किया

**व्लादीवोस्तोक.** रूस के प्रोग्रेस एमएस-30 मालवाहक अंतरिक्ष यान ने अपना मिशन पूरा करते हुये पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर लिया है। रूसी सरकारी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रोस्कोस्मोस ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा, सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन बिल्डिंग के मिशन कंट्रोल सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, अंतरिक्ष यान के बिना जले हुए संरचनात्मक तत्व दक्षिण प्रशांत महासागर के एक गैर-नौवहन योग्य क्षेत्र में गिर गये हैं। प्रोग्रेस एमएस-30 मंगलवार को मॉस्को समयानुसार 18-45 पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के रूसी हिस्से के ज़्वेज़्दा मॉड्यूल से अलग हो गया। इसकी जगह प्रोग्रेस एमएस-32 मालवाहक जहाज लेगा.

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए रिलायंस ने दी मदद

**चंडीगढ़, 10 सितंबर ( वार्ता ). विविध क्षेत्रों में काम करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पोषण, शेल्टर, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पशुधन के स्तर पर 10 सूत्री सहायता कार्यक्रम की शुरुआत की है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि वह खास तौर पर अमृतसर और सुल्तानपुर लोधी के सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों में स्थानीय प्रशासन और गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर तत्काल राहत पहुंचा रही है।**

बाढ़ पीड़ितों को कुपोषण से बचाने के लिए 10 हजार से अधिक परिवारों के लिए राशन किट दी जा रही है। जिन परिवारों के मुखिया महिलाएं या बुजुर्ग हैं, ऐसे एक हजार परिवारों को पांच हजार रुपये मूल्य के वाउचर दिये जा रहे हैं। सामुदायिक रसोई के लिए राशन और सुरक्षित पेयजल के लिए पोर्टेबल वाटर फिल्टर लगाये जा रहे हैं। लोगों के साथ जानवरों के लिए भोजन, पानी और आश्रय का इंतजाम किया जा रहा है। हम राहत की 10-सूत्री योजना पर काम कर रहे हैं और इस कठिन समय में हर कदम पंजाब के साथ हैं। बाढ़ का पानी उतरने के बाद बीमीरियों की रोकथाम के लिए हर प्रभावित परिवार को स्वच्छता संबंधी आवश्यक वस्तुओं से युक्त एक स्वच्छता किट दी जा रही है।

# धर्मांतरण और लव जेहाद पर लगेगी रोक

**जयपुर, 10 सितम्बर ( वार्ता ). राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून लेकर आई है. जिससे लव जेहाद और जबरन धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगेगी.**

शर्मा बुधवार को जयपुर के बिडला सभागार में सहकार भारती और सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार जबरन धर्मांतरण के खिलाफ राजस्थान विधि विरूद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 लेकर आई है, जिसे मंगलवार को विधानसभा ने पारित कर दिया। इस कानून से लव जेहाद और जबरन धर्मांतरण पर प्रभावी रोक लगेगी।

**कार्यक्रम** | **गोरक्षपीठ के संतों को योगी की श्रद्धांजलि, राम मंदिर में योगदान को सराहा**

# राम मंदिर के सेनानियों को याद कर भावुक हुए योगी



**लखनऊ, 10 सितंबर. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वशिष्ठ आश्रम अयोध्याधाम से आए पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती ने कहा कि गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ न होते तो अयोध्या में राम मंदिर बनता ही नहीं।**

उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन की अगुवाई करने के लिए जब अयोध्या का कोई संत तैयार नहीं हुआ तो महंत अवेद्यनाथ आगे आए। उन्होंने कहा था कि मुझे गोरक्षपीठ नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि की चिंता है। उनके नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति ने जो आंदोलन शुर कियाए उसी का परिणाम है कि मंदिर बन गया है। डॉण् वेदांती ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ को सम सामयिक समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने वाला महापुरुष बताया। अयोध्या से आए जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ में महाराणा प्रताप की मिट्टी का शौर्य था।

श्रीराम मंदिर आंदोलन में उनकी भूमिका अग्रणी रही। जन्मभूमि पर भगवान श्रीरामलला के प्राकट्य की योजना उन्होंने ही मूर्त की। उन्होंने कहा कि दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ , मंदिर आंदोलन के प्राण पुंज रहे। उन्होंने नेपाल की वर्तमान स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए वहां लोकतंत्र की स्थापना के लिए गुरु गोरखनाथ जी से प्रार्थना की।


